संख्या-21/3351/92-2014-3ब/2013

प्रेषक,

डा0 सूर्य प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

ग्रामीण अभियन्त्रण अनुभाग लखनऊ: दिनांक 01 अगस्त, 2014

विषय:- चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अन्तर्गत अधिष्ठान के विभिन्न मानक मदों में व्यय हेतु लेखानुदान अवधि (माह अप्रैल से जुलाई, 2014 तक) को छोड़कर शेष माहों (माह अगस्त, 2014 से मार्च, 2015) के लिये धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपयुर्क्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अन्तर्गत अधिष्ठान की विभिन्न मानक मदों में व्यय हेतु प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई, 2014 तक) के लिये शासन के पत्र संख्या-7/1582/92-2014-3ब/2013, दिनांक 10-4-2014 द्वारा मतदेय मद में रू0-1001980 हजार एवं भारित मद में रू0-250 हजार की धनराशि आपके निवर्तन पर व्यय हेतु रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। पुन: चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अन्तर्गत अधिष्ठान के विभिन्न मानक मदों में व्यय हेतु प्राविधानित धनराशि में से लेखानुदान अवधि के लिये जारी की गयी वित्तीय स्वीकृतियों को घटाने/समायोजन के उपरान्त निम्न विवरण के अनुसार मतदेय मद में अवशेष रू0-2007463 हजार (रूपये दो अरब चौहत्तर लाख तिरसठ हजार मात्र) एवं भारित मद में अवशेष रू0-500 हजार (रूपये पॉच लाख मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्र0सं0	**मानक मद**	**स्वीकृत धनराशि (हजार रूपये में)**
1	**2**	**3**
1-	01- वेतन	895600

http://shasanadesh.up.nic.in

2-	02- मजदूरी	20600
3-	03- मंहगाई भत्ता	940380
4-	04- यात्रा व्यय	6667
5-	05- स्थानान्तरण यात्रा व्यय	1334
6-	06- अन्य भत्ते	89600
7-	08- कार्यालय व्यय	667
8-	09- विद्युत देय	2667
9-	10- जलकर/जल प्रभार	83
10-	11- लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	400
11-	12- कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	833
12-	13- टेलीफोन पर व्यय	1167
13-	14- मोटर गाड़ियों का क्रय	1800
14-	15- गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	4300
15-	16- व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान	533
16-	17- किराया, उपशुल्क और कर स्वामित्व	1393
17-	29- अनुरक्षण	267
18-	42- अन्य व्यय- मतदेय भारित	- 500
19-	44- प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	4167
20-	45- अवकाश यात्रा व्यय	267
21-	46- कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफटवेयर का क्रय	14088
22-	47- कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	450
23-	49- चिकित्सा व्यय	20000
24-	51- वर्दी व्यय	200
	योग- मतदेय भारित	2007463 500

2- व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22-07-2014 में निहित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन

http://shasanadesh.up.nic.in

सुनिश्चित किया जाय तथा मितव्ययता से सम्बन्धित मदों में आवंटित धनराशि से अधिक व्यय कदापि न किया जाय एवं मितव्ययता सम्बन्धी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का कड़ाई से

अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। जिन मदों में व्यय के पूर्व शासन के अनुमोदन की आवश्यकता हो, उन पर बिना शासन के पूर्वानुमोदन के व्यय नहीं किया जायेगा।

3- मानक मद 14-मोटर गाडियों का क्रय के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रशासकीय विभाग/वित्त विभाग की सहमति के उपरान्त ही किया जाय।

4- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक "2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-03-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग" के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

डा0 सूर्य प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव।

संख्या-21/3351(1)/92-2014-तद्दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय,_उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3- सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उत्तर प्रदेश शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

शिशिर कुमार यादव
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in